# प्रारम्भिक कलन

डॉ. लक्ष्मीप्रसाद वाजपेयी



मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी

# प्रारम्भिक कलन
## (Elementary Calculus)

Lakshmi Prasad Vajpayee

लेखक
**डा. लक्ष्मीप्रसाद वाजपेयी**
एम. एस-सी., पी-एच. डी.

**मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी**
**भोपाल**

प्रकाशक :
मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी
भोपाल





प्रथम संस्करण
1971



मूल्य:
तीन रुपये पचास पैसे



मुद्रक:
मॉडर्न प्रिन्टरी लिमिटेड
55, कड़ावघाट मेनरोड
इन्दौर-2

# प्राक्कथन

इस बात पर सभी शिक्षा-शास्त्री एकमत हैं कि मातृभाषा के माध्यम से दी गयी शिक्षा छात्रों के सर्वाङ्गीण विकास एवं मौलिक चिन्तन की अभिवृद्धि में अधिक सहायक होती है, इसी कारण स्वातन्त्र्य आन्दोलन के समय एवं उसके पूर्व से ही स्वामी श्रद्धानन्द, रवीन्द्रनाथ टैगोर एवं महात्मा गाँधी जैसे देशमान्य नेताओं ने मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा देने की दृष्टि से आदर्श शिक्षा-संस्थाएँ स्थापित कीं। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद भी देश में शिक्षा सम्बन्धी जो कमीशन या समितियाँ नियुक्त की गयीं, उन्होंने एकमत से इस सिद्धान्त का अनुमोदन किया।

इस दिशा में सबसे बड़ी बाधा थी—श्रेष्ठ पाठ्य-ग्रन्थों का अभाव। हम सब जानते हैं कि न केवल विज्ञान और तकनीक, अपितु मानविकी के क्षेत्र में भी विश्व में इतनी तीव्रता से नये अनुसंधानों और चिन्तनों का आगमन हो रहा है कि यदि उसे ठीक ढंग से गृहीत न किया गया तो मातृभाषा से शिक्षा पाने वाले अंचलों के पिछड़ जाने की आशंका है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने इस बात का अनुभव किया और भारत की क्षेत्रीय भाषाओं में विश्वविद्यालयीन स्तर पर उत्कृष्ट पाठ्य-ग्रन्थ तैयार करने के लिए समुचित आर्थिक दायित्व स्वीकार किया। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की यह योजना उसके शत-प्रतिशत अनुदान से राज्य अकादमियों द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। मध्यप्रदेश में हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की स्थापना इसी उद्देश्य से की गयी है।

अकादमी विश्वविद्यालयीन स्तर की मौलिक पुस्तकों के निर्माण के साथ, विश्व की विभिन्न भाषाओं में बिखरे हुए ज्ञान को हिन्दी के माध्यम से प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध करेगी। इस योजना के साथ राज्य के सभी महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय सम्बद्ध हैं। मेरा विश्वास है कि सभी शिक्षाशास्त्री

एवं शिक्षा-प्रेमी इस योजना को प्रोत्साहित करेंगे। प्राध्यापकों से मेरा अनुरोध है कि वे अकादमी के ग्रन्थों को छात्रों तक पहुँचाने में हमें सहयोग प्रदान करें जिससे बिना और विलम्ब के विश्वविद्यालयों में सभी विषयों के शिक्षण का माध्यम हिन्दी बन सके।

**जगदीशनारायण अवस्थी**

शिक्षा मंत्री

अध्यक्ष: मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी

# प्रस्तावना

विज्ञान के विकास के साथ ही साथ जिस विषय का सर्वाधिक महत्व बढ़ा है, वह है--गणित । आज न केवल वैज्ञानिक विषय ही अधिकांश गणित पर निर्भर हैं अपितु मानविकी के महत्वपूर्ण विषयों यथा अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान जैसे विषयों पर भी जिनकी महत्ता निर्विवाद रूप से स्वीकार की जाती है । कुछ विषय तो अधिकांश गणित के सहारे ही समझे जा सकते हैं । यदि इसे छोड़ दें तो भी ठीक दिशा में ठीक चिन्तन की दृष्टि के सामान्य विद्यार्थियों के लिए भी इसकी उपयोगिता कम नहीं है ।

इधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा का माध्यम हिन्दी हो जाने के कारण जो विद्यार्थी महाविद्यालयों में प्रवेश पाते हैं, वे वैज्ञानिक विषय को अंग्रेजी भाषा के माध्यम से समझने में कठिनाई का अनुभव करते हैं । इसलिए भी यह आवश्यक है कि इस विषय का विपुल साहित्य हिन्दी में उपलब्ध हो ।

प्रस्तुत पुस्तक विशेष कर उन विद्यार्थियों के लिए है जो उच्च गणित के अध्ययनार्थ महाविद्यालय में प्रवेश करते हैं । अवकलन और समाकलन, गणित की अत्यधिक उपयोगी शाखाएँ हैं । इस विषय को प्रारम्भिक रूप से ही सरल बनाने के लिए विशेषकर बी०एस-सी० प्रथम भाग के लिए यह पुस्तक प्रस्तुत की गयी है । प्रत्येक सूत्र को केवल सूत्र मानकर नहीं लिखा गया है बल्कि उसे उचित तथा सरल ढंग से समझाया गया है ।

इस पुस्तक को दो भागों में प्रस्तुत किया गया है, प्रथम भाग में अवकलन और दूसरे भाग में समाकलन का विवेचन है । दोनों भागों को अलग-अलग लिखते हुए यह विशेष ध्यान रखा गया है कि दोनों शाखाओं में क्या समरूपता और क्या भिन्नता है ?

विद्यार्थी, गणित या विज्ञान की किसी भी शाखा को पढ़ते ही यह जानने के इच्छुक होते हैं कि इसकी उपयोगिता क्या है ? अध्याय 4 और 5 में अवकलन गणित की उपयोगिता को बतलाया गया है । अध्याय 11 में समाकलन गणित की उपयोगिता को प्रस्तुत किया गया है । इन अध्यायों में विद्यार्थी को यह बतलाया गया है कि क्षेत्रफल, आयतन, स्पर्श और अभिलम्ब रेखाओं से सम्बन्धित प्रश्नों को गणित की इस शाखा से कैसे हल किया जा सकता है । विषय की इस कठिनाई को दूर करने की दिशा में यह एक कदम है ।

पुस्तक में अन्तर्राष्ट्रीय चिह्नों और अंकों का प्रयोग किया गया है । जिन प्रतीकों और सूत्रों की अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा है, उन्हें उसी रूप में रोमन लिपि में ले लिया गया है । शेष स्थान पर भारत शासन द्वारा स्वीकृत वैज्ञानिक शब्दावली का प्रयोग हुआ है ।

प्रस्तुत पुस्तक के लेखक डा० वाजपेयी स्वयं इस विषय के विद्वान हैं और इस दिशा में ही उन्होंने शोध-कार्य भी किया है । डा० वाजपेयी प्राध्यापक होने के नाते विद्यार्थी समाज की कठिनाई से भी अवगत हैं इसलिए यह पुस्तक अनेक दोषों से मुक्त है ।

संचालक,
मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी

भोपाल :
15 मार्च, 1971

# विषय–सूची



## अवकल गणित

पृष्ठ क्रमांक



## साधारण समाकलन

# अवकल गणित

# अवकल गणित के मुख्य सूत्रों का संग्रह

1. $\frac{dx^n}{dx}=nx^{n-1}$

2. $\frac{pe^x}{xp}=e^x$

3. $\frac{da^x}{dx}=a^x.\log_e^a$

4. $\frac{d}{dx}\log_e x=\frac{1}{x}$

5. $\frac{d}{dx}\log_a x=\frac{1}{x}.\log_a e$

6. $\frac{d}{dx}\text{Sin } x=\text{Cos } x$

7. $\frac{d}{dx}\cos x=-\text{Sin } x$

8. $\frac{d}{dx}\tan x=\text{Sec}^2 x$

9. $\frac{d}{dx}\text{Cot } x=-\text{Cosec}^2 x$

10. $\frac{d}{dx}\text{Sec } x=\text{Sec } x.\tan x$

11. $\frac{d}{dx}\text{Cosec } x=-\text{Cosec}x\cot x$

12. $\frac{d}{dx}\text{Sin}^{-1}x=\frac{1}{\sqrt{1-x^2}}$

13. $\frac{d}{dx}\text{Cos}^{-1}x=\frac{-1}{\sqrt{1-x^2}}$

14. $\frac{d}{dx}\tan^{-1}x=\frac{1}{1+x^2}$

15. $\frac{d}{dx}\text{Cot}^{-1}x=\frac{-1}{1+x^2}$

16. $\frac{d}{dx}\text{Sec}^{-1}x=\frac{1}{x\sqrt{x^2-1}}$

17. $\frac{d}{dx}\text{Cosec}^{-1}x=\frac{-1}{x\sqrt{x^2-1}}$

18. $\frac{d^n}{dx^n}(ax+b)^m=m(m-1)\ldots\ldots\ldots a^n(ax+b)^{m-n}$

19. $\frac{d^n}{dx^n}(ax+b)^{-1}=(^{-1})^n \underline{|n}.a^n(ax+b)^{-n-1}$

20. $\frac{d^n e^{ax}}{dx^n}=a^n e^{ax}$

21. $\frac{d^n}{dx^n}a^x=(\log_e a)^n.a^x$

22. $\frac{d^n}{dx^n}\log(ax+b)=\frac{(-1)^{n-1}\underline{|n-1}a^n}{(ax+b)^n}$

23. $\frac{d^n}{dx^n}\text{Sin }(ax+b)=a^n \text{Sin}\left(ax+b+\frac{n\pi}{2}\right)$

24. $\frac{d^n}{dx^n}\text{Cos }(ax+b)=a^n \text{Cos}\left(ax+b+\frac{n\pi}{2}\right)$

25. $\frac{d^n}{dx}\{e^{ax}\text{Sin }(bx+c)\}$
$=r^n e^{ax}\text{ Sin }(bx+c+n\phi)$
$r=\sqrt{a^2+b^2},\ \phi=\tan^{-1}\left(\frac{b}{a}\right)$

26. $\frac{d^n}{dx^n}\{e^{ax}\text{ Cos }(bx+c)\}$
$=r^n e^{ax}\text{ Cos }(bx+c+n\phi)$
$r=\sqrt{a^2+b^2},\ \phi=\tan^{-1}\left(\frac{b}{a}\right)$

# अध्याय: 1

## विषय परिचय तथा परिभाषाएँ

1.1. जिस तरह बीजीय रीतियों (Algebraical Methods) से अंक गणित के प्रश्नों के हल प्राप्त किये जाते हैं, उसी प्रकार से उच्चतर गणित, विज्ञान, यांत्रिकी तथा दूसरे विषयों के प्रश्नों के हल, जो कि गणित की रीतियों से हल किये जाते हैं, कलन (Calculus) द्वारा प्राप्त किये जाते हैं। स्पष्ट रूप से यदि कहा जाय तो कलन गणित की वह शाखा है, जिससे मुख्यत: दो तरह के प्रश्नों का हल किया जाता है।

प्रथम वे प्रश्न हैं, जिससे किसी चर राशि (Variable quantity) के परिवर्तन की दर का बोध हो, उदाहरण के लिए (i) यदि कोई पिण्ड किसी मीनार से गिरता है तो इस पिण्ड की मीनार की चोटी से दूरी समय के अनुसार परिवर्तनशील है, तथा यह भी जान सकते हैं कि किसी खास स्थिति में उस पिण्ड की गति क्या है।

(ii) किसी पिण्ड का त्वरण (Acceleration) उसके उस समय की गति पर निर्भर करता है।

(iii) वृत की परिधि, वृत के अर्धव्यास पर निर्भर करती है।

कलन की वह शाखा जिससे इस तरह के प्रश्नों का हल किया जाता है, अवकल गणित (Differential calculus) कहलाती है।

दूसरे वे प्रश्न हैं जिसमें हमें फलन (Function) ज्ञात करना होता है, जब कि फलन के परिवर्तन की दर ज्ञात होती है। उदाहरण के लिए (i) यदि पिण्ड की गति दी हो तो वह दिए हुए समय में कितना चलता है।

इन उदाहरणों से हमें ज्ञात होता है कि गणित की यह रीति अवकल गणित की रीति के उत्क्रम हैं। अत: "गणित की वह रीति जो अवकल गणित के उत्क्रम हो, समाकल गणित (Integral calculus) कहलाती है।"

## 1.2. अचर और चर (Constant and Variable)

**अचर** (*Constant*) :—"वह राशि जो किसी भी गणितीय संक्रिया के समय अपने मान को निश्चित या अटल रखता है, अचर कहलाता है।"

**चर** (*Variable*) :—"वह राशि जो किसी गणितीय संक्रिया (Mathematical operation) के समय अपने मान को अचर न रखे, वल्कि उसे कोई भी मान दिया जा सके, चर कहलाती है।"

**स्वेच्छ अचर** :—"वे अचर, जिन्हें कोई भी अंकगणितीय मान दिया जा सके, और वे किसी भी गणितीय संक्रिया के समय अपना मान वही रखते हों, स्वेच्छ अचर कहलाते हैं।"

अधिकतर अंग्रेजी भाषा के अंत के अक्षरों (x, y, z) को चर राशियों के लिए उपयोग करते हैं।

स्वेच्छ अचर को लिखने के लिए अधिकतर अंग्रेजी भाषा के प्रारंभिक अक्षरों (a, b, c...) का उपयोग करते हैं।

**निरपेक्ष अचर** (*Absolute constant*) :—"वो राशि जो कि पूरे प्रश्न में वही मान रखता हो निरपेक्ष अचर कहलाती है," जैसे 2, 5, $\sqrt{7}$, $\pi$ आदि।

चर राशि दो प्रकार की होती है

(i) स्वतंत्र चर (Independent variable)

(ii) परतंत्र चर (Dependent variable)

**स्वतंत्र चर** :—"वह चर, जिसे स्वेच्छा से, किसी विशेष प्रश्न में, सीमा के अंतर्गत कोई भी मान दिया जा सके, स्वतंत्र चर कहते हैं।"

**परतंत्र चर** :—"वह चर, जो कि स्वतंत्र चर के मान को निर्धारित करने पर प्राप्त हो, परतंत्र चर कहलाता है।"

यहाँ यह वात विशेष महत्वपूर्ण है कि स्वतंत्र चर और परतंत्र चर आपेक्षिक पद (Relative terms) हैं। किस चर को हम स्वतंत्र और किस चर को हम परतंत्र माने, यह स्वयं की सुविधा पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए किसी भी आयत का क्षेत्रफल उसकी लम्बाई और चौड़ाई पर निर्भर करता है। इसमें क्षेत्रफल परतंत्र चर है तथा लम्बाई और चौड़ाई स्वतंत्र चर हैं। यदि हम चाहें तो यह भी कह सकते हैं कि आयत की लम्बाई और चौड़ाई उसके क्षेत्रफल पर निर्भर करती हैं। इस कथन में क्षेत्रफल स्वतंत्र चर है तथा लम्बाई और चौड़ाई परतंत्र चर राशियाँ हैं।

## 1.3. फलन (Function)

"जब दो चर राशियाँ आपस में इस तरह से सबंधित हों कि पहले का मान, दूसरे को कुछ मान दिये जाने पर प्राप्त हो, तो पहला चर दूसरे चर का फलन कहलाता है ।"

फलन स्वयं ही एक परतंत्र चर है और जिस चर को कुछ मान दिया जाता है, वह स्वतंत्र चर होता है ।

**उदाहरण:—**

1. किसी त्रिभूज का क्षेत्रफल $\triangle = \frac{1}{2}\, x\, y \sin\theta$ है । x और y त्रिभुज की दो भुजाओं की लंबाइयां हैं, और $\theta$ उनके वीच का कोण है । यहां $\triangle$ परतंत्र चर है, तथा क्षेत्रफल $\triangle$; x, y और $\theta$ स्वतंत्रचर राशियों पर निर्भर करता है । $\triangle$ को x, y और $\theta$ का फलन कहते हैं ।

यदि इसी क्षेत्रफल के समीकरण को $\sin\theta = \dfrac{2\triangle}{x\,y}$ की तरह लिखें तो इसमे $\theta$ परतंत्र चर हैं, तथा $\triangle$, x, y स्वतंत्र, चर राशियां हैं । यहां $\sin\theta$; x, y और $\triangle$ का फलन है ।

2. $y = ax^2 + bx + c$, में y परतंत्र चर है, x स्वतंत्र चर, तथा a, b और c स्वेच्छ चर हैं । y को x चर का फलन कहते हैं ।

3. $y = x^2$, जहाँ कि x कोई पूर्णांक संख्या है और y उसका वर्ग है ।

यहाँ x स्वतंत्र चर है, और y परतंत्र चर है । यदि $x = \sqrt{y}$ लिखें तो y स्वतंत्र चर और x परतंत्र चर हो जाता है ।

## 1.4. चर का प्रभाव क्षेत्र (Domain of the Variable)

यदि हम चर की उन संख्यात्मक मानों पर विचार करें, जोकि ५ और १० के बीच आते हैं, तथा उन सभी संख्याओं को साथ लें, तो हम इसे दिये हुए चर का प्रभाव क्षेत्र कहते हैं । यदि 5 और 10 दोनों ही प्रभाव क्षेत्र में आते हों तो उस प्रभाव क्षेत्र का बंद क्षेत्र या संवृत क्षेत्र (Closed domain) कहते हैं । यदि ५ और १० दोनों ही प्रभावक्षेत्र में न आते हों तो इस क्षेत्र को खुला क्षेत्र या विवृत क्षेत्र (Open domain) कहते हैं ।

## 1.5. स्पष्ट और अस्पष्ट फलन (Explicite and Implicite Function):

स्पष्ट फलन उसे कहते हैं जो स्पष्ट रूप से स्वतंत्र चरों द्वारा दर्शाया जा सके। उदाहरणार्थ

$y=\log x$, $y=r \sin \theta$, $y=x^2+2ax+b$.

इन प्रत्येक उदाहरणों में y स्पष्ट रूप से स्वतंत्र चर राशियों द्वारा दर्शाया गया है, अतः y एक स्पष्ट फलन है।

यदि कोई फलन परतंत्र चरों द्वारा स्पष्ट रूप से दर्शाया न जा सके तो वह फलन अस्पष्ट फलन कहलाता है। जैसे

(i) $x^2y^2=\sin x+(a^2-y^2)(b+y)^2$

(ii) $\log y=ayx+cx^2$

प्रत्येक उदाहरणों में फलन y, स्वतंत्र चर x का अस्पष्ट फलन है।

## 1.6. प्रतिलोम फलन (Inverse function)

यदि दो चरों x और y में कोई एक सम्बन्ध स्थापित हो, तो साधारणतः y को x का फलन अथवा x को y का फलन कहते हैं। इसमें से किसी एक को अपनी सुविधा अनुसार प्रतिलोम फलन कहते हैं। उदाहरण के लिए:—

(i) $y=\sin x$, यहाँ y, x का फलन है और यदि $x=\sin^{-1}y$ लिखा जाए तो x, y का प्रतिलोम फलन कहलाता है।

(ii) $y=\sqrt{x}$, यहाँ y, x का फलन है, और $x=y^2$ लिखने पर x, y का प्रतिलोम फलन कहलाता है।

## उदाहरणमाला 1

1. यदि $f(x)=\dfrac{x^2+2}{x-1}$ हो तो, $f(0)$, $f(-1)$ और $f(3)$ का मूल्य निकालो।

दिए हुए फलनिक सम्बन्ध में $x=0$, $x=-1$ और $x=3$ क्रमशः रखने पर निम्नांकन प्राप्त होता है।

$$f(0)=\frac{0+2}{0-1}=-2.$$

$$f(-1)=\frac{1+2}{-1-1}=-\frac{3}{2}$$

$$f(3)=\frac{9+2}{3-1}=\frac{11}{2}$$

2. यदि $f(x)=\sin x$ और $F(x)=\cos x$ हों तो सिद्ध करो कि
$f(2x)=2.\ f(x).\ F(x)$ होगा।

दिए हुए फलनिक सम्बन्ध में $x$ की जगह $2x$ रखने पर

$$f(2x)=\sin 2x=2\sin x \cos x$$
$$=2f(x).\ F(x).$$ [दिए हुए सम्बंधों से]

3. यदि बन्द प्रभाव क्षेत्र $[-2,2]$ में
$f(x)=3x+4$ हो, तो $f\left(\frac{5}{2}\right)$ का मान ज्ञात करो।

चूंकि फलन $f(x)$ का बन्द प्रभाव क्षेत्र $[-2,2]$ ही है, अतः $x=2\frac{1}{2}$ पर फलन निश्चित स्पष्ट नहीं है।

## प्रश्नावली 1

1. यदि $f(x)=x^3-5x^2-4x+20$, तो सिद्ध करो कि
$f(1)=12$, $f(7)=5\ f(-1)$ होगा।

2. यदि $f(x)=\dfrac{x^3-3x+2}{x-2}$ हो, तो $f(x)$ का मान $x=3$ के सापेक्ष ज्ञात करो।

3. यदि $F(\theta)=\sin 2\theta+\cos\theta$ हो, तो $F(o)$, $F\left(\frac{\pi}{2}\right)$ और $F\left(\frac{\pi}{6}\right)$ के मानों को ज्ञात करो।

4. यदि $f(x)=\sin x+\tan x$ हो, तो $f(o)$, $f\left(\frac{\pi}{2}\right)$ और $f\left(\frac{\pi}{6}\right)$ के मानों को लिखो।

5. यदि $f(y)=y^2-2y+6$ है तो सिद्ध करो कि
$f(x+h)=y^2-2y+6+2(y-1)h+h^2$

6. यदि $f(x)=\left(\dfrac{1}{x}\right)$ है तो सिद्ध करो कि $f(x+h)-f(x)=\dfrac{-h}{x^2+xh}$

7. यदि $f(x)=\log x$ है, तो सिद्ध करो कि $f(u,b)=f(u)+f(b)$

8. यदि $f(x)=\log_a\left(\dfrac{1}{x}\right)$ है तो सिद्ध करो कि

$$f(a^3)=-3 \text{ और } f\left(a-\frac{1}{z}\right)=\frac{1}{z}$$

9. यदि $\phi(x)=\log\frac{1-x}{1+x}$ हो, तो सिद्ध करो कि

$$\phi(y)+\phi(z)=\phi\left(\frac{y+z}{1+yz}\right) \text{ है ।}$$

10. सिद्ध करो कि $\frac{F(a+h)-F(a)}{h}=h+2a+3$

जबकि $F(x)=x^2+3x$

11. $\frac{F(x+h)-F(x)}{h}$ का मान निकालो,

जहाँ $F(x)=3x+4$ हो ।

## 1.7. फलन की सीमा (Limit of a Function)

फलन की सीमा की परिभाषा देने के पूर्व हम चर की सीमा के विषय में चर्चा करेंगे, तथा उसकी परिभाषा का अध्ययन करेंगे ।

चर की सीमा के विषय में हम पूर्व परिचित हैं क्योंकि वृत्त का क्षेत्रफल भी सीमा की सहायता से ही निकाला जाता है, जिसमें कि हम अंतर्गत बहुभुज क्षेत्र की भुजाओं को अनिश्चित ले लेते हैं । इसका क्षेत्रफल वृत्त के क्षेत्रफल की ओर उपगमन होता है और इसकी सीमा ही वृत का क्षेत्रफल है ।

अब हम चर की सीमा को परिभाषित करेंगे ।

**चर की सीमा**:—"जब कोई चर v का मान अचर $l$ की ओर इस तरह उपगमन करे कि $(v-l)$ का संख्यात्मक मान किसी धनात्मक संख्या $\epsilon$ (जो कि चाहे जितना भी छोटे से छोटा है) से छोटा होता है, तो अचर l, चर v की सीमा कहलाती है ।" इसे निम्न प्रकार से लिखते हैं:—

$$\lim v=l$$

**फलन की सीमा**:—"किसी भी फलन की सीमा, स्वतंत्र चर से किसी दिए हुए मान पर, फलन का वह मान है, जो कि फलन से एक निर्दिष्ट राशि (जो कि चाहे जितना छोटे से छोटा क्यों न हो) से कम हो जबकि स्वतंत्र चर दिए हुए मान के पर्याप्त करीब हो ।" फलन की सीमा की परिभाषा को निम्न प्रकार से भी दे सकते हैं ।

राशि L, फलन f(x) की x=a पर फलन की सीमा कहलाती है, यदि

$$| f(x)-L | < \epsilon$$

जबकि $\quad | x-a | < \delta$

गणितीय भाषा में फलन की सीमा को निम्न प्रकार से लिखते हैं ।

$$\lim_{x\to a} f(x)-L \text{ या } \lim_{x\to a} f(x)=L.$$

## 1.8. कुछ आवश्यक फलनों की सीमाएँ:-

(i) $\lim_{\theta\to o} \frac{\sin\theta}{\theta}=1.$

माना कि प्रत्येक कोण ब उ अ और ब' उ अ का वृतीय मान θ है, जहाँ $o<\theta<\frac{\pi}{2}$ है यदि θ बहुत छोटा हो तो




△ उ द स < त्रिज्या खण्ड उ अ स का क्षेत्रफल < △ उ अ ब . . . . (i)

क्योंकि △ उ द स $=\frac{1}{2}r\cos\theta.\ r\sin\theta$

त्रिज्या खण्ड उ अ स का क्षेत्रफल $=\frac{1}{2}r^2\theta$

और △ उ अ ब $=\frac{1}{2}r.\ r\sin\theta$

इस तरह ऊपर लिखी हुई असमिका (Inequality) द्वारा $\frac{1}{2}r^2\cos\theta.\ \sin\theta<\frac{1}{2}r^2\theta<\frac{1}{2}r^2\tan\theta$ है,

इस असमिका को $\frac{1}{2}r^2\sin\theta$ से भाग देने पर

$$\cos\theta<\frac{\theta}{\sin\theta}<\frac{1}{\cos\theta} \text{ प्राप्त होता है } \quad \ldots\ldots\ldots\text{(ii)}$$

यदि θ शून्य की ओर उपगमन करे, तो cos0 और $\frac{1}{\cos 0}$ दोनों का ही मान 1 है, अतः असमिका (ii) से फलन $\frac{\theta}{\sin\theta}$ का मान 1 होगा। अतः

$$\lim_{\theta\to o} \frac{\sin\theta}{\theta}=1.$$

(ii) $\lim_{n\to\infty}\left(1+\frac{1}{n}\right)^n=e$

$\left(1+\frac{1}{n}\right)$ को द्विपद प्रमेय (Binomial Theorem) द्वारा प्रसार करने पर हमें निम्न लिखित प्राप्त होता है,

$$\lim_{n\to\infty}\left(1+\frac{1}{n}\right)^n=\lim_{n\to\infty}\left[1+n\cdot\frac{1}{n}+\frac{n(n-1)}{|\underline{2}}\cdot\frac{1}{n^2}\ \cdots\cdots\right]$$

$$=\lim_{n\to\infty}\left[1+1+\frac{1-\frac{1}{n}}{|\underline{2}}+\frac{\left(1-\frac{1}{u}\right)\left(2-\frac{1}{n}\right)}{|\underline{3}}\ \cdots\cdots\right]$$

$$=1+1+\frac{1}{|\underline{2}}+\frac{1}{|\underline{3}}\ \cdots\cdots$$

चूंकि $\frac{1}{n}$, $\frac{2}{n}$, . . . सीमा का मान शून्य ले सकते हैं, यदि $n\to\infty$; अतः

$$\lim_{n\to\infty}\left(1+\frac{1}{n}\right)^n=e.$$

1.9. नीचे लिखे हुए आवश्यक प्रसारणों को विद्यार्थियों को याद रखना चाहिये ।

1. $e^x=1+x+\frac{x^2}{|\underline{2}}+\frac{x^3}{|\underline{3}}+\ \cdots\cdots$

2. $a^x=1+x\log_e a+\frac{x^2(\log_e a)^2}{|\underline{2}}+\ \cdots\cdots$

3. $\log(1+x)=x-\frac{1}{2}x^2+\frac{1}{3}x^3-\frac{1}{4}x^4\ \cdots\cdots$

4. $\log(1-x)=-x-\frac{x^2}{2}-\frac{x^5}{3}\ \cdots\cdots$

5. $\cos x\pm 1-\frac{x^2}{|\underline{2}}+\frac{x^4}{|\underline{4}}\ \cdots\cdots$

6. $\sin x=x-\frac{x^3}{|\underline{3}}+\frac{^5}{|\underline{5}}\ \cdots\cdots$

7. $\tan^{-1}x=x+\frac{x^3}{3}+\frac{2x^5}{15}\ \cdots\cdots$

## उदाहरणमाला 2

1. मान निकालो $\lim_{x\to 3}\frac{x^2-9}{x-3}$

यहाँ यदि हम $x=3$ फलन में रखें तो फलन का मान $\frac{0}{0}$ का रूप होता है जो कि अनिर्धार्य रूप (Indeterminent form) है, अतः $x=3+h$ दिए हुए फलन में रखने पर, जब कि $h\to o$,

$$\lim_{x+3}\frac{x^2-9}{x-3}=\lim_{h\to o}\frac{(3+h)^2-9}{(3+h)-3}=\lim_{h\to o}\frac{9+6h+h^2-9}{h}$$

$$=\lim_{h\to o} 6+h$$

$$=6 \text{ होगा}$$

2. सिद्ध करो कि—

$$\lim_{n\to o}\frac{a^x-b^x}{x}=\log_e\frac{a}{b}$$

यह भी $\frac{0}{0}$ का रूप है अतः $a^x$ और $b^x$ का प्रसार करने पर

$$\lim_{x\to o}\frac{a^x-b^x}{x}=\lim_{x\to o}\frac{e^{x\log a}-e^{x\log b}}{x}$$

$$=\lim_{x\to o}\left\{\left[1+x\log a+\frac{(x\log a)^2}{\underline{|2}}\cdots\cdots\right]-\left[1+x\log b+\frac{(x\log b)^2}{\underline{|2}}\cdots\cdots\right]\right\}x$$

$$=\lim_{x\to o}\frac{x\left[\left\{\log a+x\frac{(\log a)^2}{\underline{|2}}+\frac{x^2(\log a)^3}{3}\cdots\right\}\right.}{x}$$

$$\frac{\left.-x\left[\left\{\log b+\frac{x(\log b)^2}{\underline{|2}}\cdots\cdots\right\}\right]\right.}{x}$$

$$=\log a-\log b=\log_e\frac{a}{b}$$

3. सिद्ध करो कि $\lim_{x\to\frac{\pi}{2}}\frac{\sin 2x}{\cos x}=2$

$$\lim_{x\to\frac{\pi}{2}}\frac{\sin 2x}{\cos x}$$

$$=\lim_{x\to\frac{\pi}{2}}\frac{2\sin x\cos x}{\cos x}$$

$$= \lim_{x \to \frac{\pi}{2}} 2.\sin x$$

$$= 2 \sin \frac{\pi}{2} = 2$$

४. सिद्ध करो कि – $\lim_{x \to 0} \frac{\tan x}{x} = 1$

$$\lim_{x \to 0} \frac{\tan x}{x} = \lim_{x \to 0} , \frac{\sin x}{\cos x} \cdot \frac{1}{x}$$

$$= \lim_{x \to 0} \left(\frac{\sin x}{x} \cdot \frac{1}{\cos x}\right) = \lim_{x \to 0} \left(\frac{\sin x}{x}\right) \times \lim_{x \to 0} \left(\frac{1}{\cos x}\right)$$

$$= 1$$

## प्रश्नावली 2

निम्नलिखित का मान निकालो:—

1. $\lim_{x \to 1} \frac{3x^2 - 4x + 1}{x^2 - 4x + 3}$

2. $\lim_{x \to 2} \frac{x^2 - 3x + 2}{x - 2}$

3. $\lim_{x \to 1} \frac{x^7 - 2x^5 + 1}{x^3 - 3x^2 + 2}$

4. $\lim_{x \to a} \frac{x^3 - 3a^2x + 2a^3}{2x^3 - 3ax^2 + a^3}$

5. $\lim_{x \to a} \frac{x^m - a^m}{x - a}$

6. $\lim_{x \to 0} \frac{\sin ax}{\sin bx}$ [Raj T.D.C. 1961, 1963]

7. $\lim_{x \to 1} \frac{\sin bx}{b}$

8. $\lim_{x \to \pi} \frac{1 + \cos x}{\tan^2 x}$ [Raj. T.D.C. 1962]

9. $\lim_{x \to a} \frac{e^x - e^x}{x}$ [Raj. T.D.C. 1961]

**सिद्ध करो कि–**

10. $\lim_{x \to o} \frac{e^x + e^{-x} - 2}{x^2} = 1$

11. $\lim_{n \to o} \frac{\sqrt{1+x} \quad - \sqrt{1+x^2}}{x} = \frac{1}{2}$

12. $\lim_{x \to 1} \frac{\log x}{x - 1} = 1$

# अध्यायः 2

## साधारण फलनों का अवकलन (Differentiation)

2.1. **परिभाषा–** यदि f (x) स्वतंत्र चर x का फलन है और

$$\lim_{h \to o} \frac{f(a+h)-f(a)}{h} \qquad \ldots\ldots\ldots(i)$$

का अस्तित्वः हो, तो यह मान फलन f (x) का x=a पर अवकल गुणांक (Differential coefficient) कहलाता है।

यदि व्यंजक (i) का अस्तित्व न हो तो f(x) का x=a पर अवकल गुणांक का अस्तित्व नहीं होता है। अवकल गुणांक को साधारणतया

$$\frac{d\,f(x)}{dx}\ ,\ f(x) \text{ या } D\,f(x)$$

से लिखते हैं।

**टिप्पणीः**–यहाँ पर यह ध्यान देने योग्य है कि $\frac{d\,f(x)}{dx}$ का मतलब यह नहीं है कि d f(x) को dx से भाग दिया गया है क्योंकि d f(x) और dx स्वतंत्र रूप से इस परिभाषा से कोई मतलब नहीं रखते हैं। यह ठीक उसी तरह का है जैसे कि यह कहा जाय कि sin x; sin और x का गुणनफल है। यहाँ $\frac{d}{dx}$ एक संक्रिया (Operation) का प्रतीक (Symbol) है।

### 2.2. **अवकल गुणांक की वैकल्पिक परिभाषा (Alternative definition of differential coefficient)**

माना कि y, चर x का संतत (Continuous) फलन है। x और y के दो

मानों का अन्तर क्रमशः $\delta x$ और $\delta y$ है। इसलिए $\frac{\delta y}{\delta x}$ फलन y की, x के संदर्भ में, परिवर्तन की दर होगी। अतः यह जैसे जैसे $\delta x$ शून्य की ओर उपगमन करता है, वैसे $\delta y$ भी शून्य की ओर उपगमन करेगा। अतः $\frac{\delta y}{dx}$, $\frac{0}{0}$ का रूप है, जो कि अनिर्धारित रूप है। इसलिए इस परिवर्तन की दर को अवकल गणित द्वारा परिभाषा देते हैं। $\frac{\delta y}{dx}$ की सीमा, जबकि $\delta x$ शून्य की ओर उपगमन करे, तो यह सीमा y का, x के संदर्भ में, अवकल गुणांक कहलाता है।

## 2.3. $x^n$ का अवकल गुणांक [Differential coefficient of $x^n$]

माना कि $f(x) = x^n$ है

$\therefore \quad f(x+h) = (x+h)^n$

इसलिए अवकल गुणांक की परिभाषा द्वारा

$$\frac{dx^n}{dx} = \lim_{h \to o} \frac{(x+h)^n - x^n}{h}$$

$$= \lim_{h \to o} \frac{x^n \left[1+\frac{h}{x}\right]^n - x^n}{h}$$

यहाँ h शून्य की ओर उपगमन करता है अर्थात् $\frac{h}{x}$ का संख्यात्मक मान संख्या एक से कम होगी। इसलिए $\left(1+\frac{h}{x}\right)^n$ को द्विपद प्रमेय (Blnomial Theorun) द्वारा प्रसार कर सकते हैं। अतः

$$\frac{dx^n}{dx} = \lim_{h \to o} \frac{x^n \left[1+n\frac{h}{x}+\frac{n(n-1)}{\lfloor 2}\frac{h^2}{x^2}+\ldots+\frac{h^n}{x^n}-1\right]}{h}$$

$$= \lim_{h \to o} \frac{x^n \cdot h \left[n\frac{1}{x}+\frac{n(n-1)}{\lfloor 2}\frac{h}{x^2}+\ldots+\frac{h^{n-1}}{x^n}\right]}{h}$$

क्योंकि h का मान शून्य नहीं है, इसलिए

$$= \lim_{h \to o} x^n \left[\frac{n}{x}+\frac{n(n-1)}{\lfloor 2}\frac{h}{x^2}+\ldots\ldots+\frac{h^{n-1}}{x^n}\right]$$

$=\lim_{h\to o} x^n\Big[\frac{n}{x}+h\times$ (एक परिमित व्यंजक है, क्योंकि n परिमित है,

यदि n परिमित नहीं है तो यह एक अभिसारी व्यंजक है

जिसका मूल्य $\infty$ नहीं होगा ) $\Big]$

$$=\lim_{h\to o} x^n \left[\frac{n}{x} + h \times \text{परिमित व्यंजक}\right]$$

$$=x^n \cdot \frac{n}{x}$$

$$=n\, x^{n-1}$$

अत:

$$\frac{dx^n}{dx}=n\, x^{n-1}$$

## 2.4. अचर का अवकल गुणांक

माना कि k कोई अचर है। जिसका मान $f(x)=k$ है।

तो $f(x+h)=k$, क्योंकि k एक अचर राशि है। इसलिए

$$\frac{dk}{dx}=\lim_{h\to o}\frac{f(x+h)-f(x)}{h}$$

$$=\lim_{h\to o}\frac{k-k}{h}=o$$

अत: अचर राशियों का अवकल गुणांक शून्य होता है।

## 2.5. x का फलन y और अचर k के गुणनफल का अवकल गुणांक

माना कि $f(x)=k\,\phi(x)$

$\therefore\quad f(x+h)=k\,\phi(x+h)$

इसलिए

$$\frac{d\,f(x)}{dx}=\lim_{h\to o}\frac{K\phi(x+h)-K\phi(x)}{h}$$

$$=K\lim_{h\to o}\frac{\phi(x+h)-\phi(x)}{h}$$

$$=K\frac{d}{x}\phi(x).$$

इसलिए किसी ऐसे फलन का अवकल गुणांक जो कि अचर और फलन का गुणनफल हो, फलन के अवकल गुणांक और अचर के गुणनफल के बराबर होता है।

## 2.6. दो या अधिक फलनों के योग का अवकल गुणांक।

माना कि $f(x)=f_1(x)+f_2(x)$

तो $f(x+h)=f_1(x+h)+f_2(x+h)$

इसलिए

$$\frac{df(x)}{dx}=\lim_{h\to o}\frac{f_1(x+h)+f_2(x+h)-f_1(x)-f_2(x)}{h}$$

$$=\lim_{h\to o}\frac{f_1(x+h)-f_1(x)}{h}+\lim_{h\to 0}\frac{f_2(x+h)-f_2(x)}{h}$$

$$=\frac{d}{dx}f_1(x)+\frac{d}{dx}f_2(x)$$

अत: दो फलनों के योग का अवकल गुणांक, उन दोनों फलनों के अवकल गुणांक के योग के बराबर होता है।

इसी तरह से हम सिद्ध कर सकते हैं कि

$$\frac{d}{dx}\{f_1(x)\pm f_2(x)\pm\ldots\ldots\pm f_n(x)\}$$

$$=\frac{d}{dx}f_1(x)\pm\frac{d}{dx}f_2(x)\pm\frac{df_3}{dx}+\ldots\ldots\pm\frac{df_n(x)}{dx}$$

## 2.7. $e^x$ का अवकल गुणांक

माना कि $f(x)=e^x$

अत: $f(x+h)=e^{x+h}$

$$\therefore \frac{d}{dx}e^x=\lim_{h\to o}\frac{e^{x+h}-e^h}{h}$$

$$=\lim_{h\to o}e^x.\frac{e^h-1}{h}$$

$$=\lim_{h\to o}e^x\frac{1+h+\frac{h^2}{\underline{|2}}\ldots\ldots\infty-1}{h}$$

$$= \lim_{h \to o} e^x \frac{h\left(1+\frac{h}{\lfloor 2}+\frac{h^2}{\lfloor 3}\cdots\cdots\right)}{h}$$

$\lim_{h \to o} e^x$ [1 + h × एक अभिसारी व्यंजक जिसका मूल्य ∞ नहीं होता है । ]

$$= e^x$$

$$\frac{de^x}{dx} = e^x.$$

## 2.8. Log x का अवकल गुणांक

माना कि $f(x)=\log x$

तो $f(x+h)=\log(x+h)$

$$\frac{d}{dx}(\log x) = \lim_{h \to o} \frac{\log(x+h)-\log x}{h}$$

$$= \lim_{\to o} \frac{\log\left(1+\frac{h}{x}\right)}{h}$$

$$= \lim_{h \to o} \frac{\frac{h}{x}-\frac{1}{2}\frac{h^2}{x^2}+\frac{1}{3}\left(\frac{h}{x}\right)^3\cdots\cdots}{h}$$

$$= \lim_{h \to o} \frac{\frac{h}{x}\left(1-\frac{1}{2}\frac{h}{x}+\frac{1}{3}\left(\frac{h}{x}\right)^2\cdots\cdots\right]}{h}$$

$= \lim_{h \to o} x^{-1}$ [ 1+ (एक अभिसारी व्यंजक जिसका मूल्य ∞ नहीं है) × h ]

$$= x^{-1}$$

$$\frac{d}{dx}\log x = \frac{1}{x}$$

## 2.9. $\log_a x$ का अवकल गुणांक निकालो

माना कि $f(x) = \log_a x$

$$= \log_e x . \log_a e$$

$$\frac{d}{dx} f(x) = \frac{d}{dx} (\log_a{}^e . \log_e{}^x)$$

$$= \log_a{}^e \cdot \frac{d}{dx} \log_e{}^x$$

$$= \frac{1}{x} . \log_a{}^e$$

अत:

$$\frac{d}{dx} \log_a x = \frac{1}{x} . \log_a{}^e$$

## 2.10. उदाहरणमाला 3

1. $5x^{10}$ का अवकल गुणांक निकालो

$$\frac{d}{x} (5x^{10}) = 5 \frac{d}{dx} x^{10} = 5 \times 10^{10-1}$$

$$= 50x^9$$

2. $x^{-5/4}$ का अवकलन करो।

$$\frac{d}{x} x^{-5/4} = -\frac{5}{4} x^{-5/4 - 1}$$

$$= -\frac{5}{4} x^{-9/4}$$

3. $\frac{d}{dx} (x^n + a^n)$ को हल करो

$$\frac{d}{dx} (x^n + a^n) = \frac{dx^n}{dx} + \frac{da^n}{dx}$$

$$= nx^{n-1}$$

4. $\frac{d}{dx} (x^{-5} + 3e^x)$ को हल करो।

$$\frac{d}{dx} (x^{-5} + 3e^x) = \frac{d}{dx} (x^{-5}) + \frac{d}{dx} (3 e^x)$$

$$= -5 x^{-5-1} + 3 e^x$$

$$= -5 x^{-6} + 3 e^x$$

5. $\frac{d}{dx} (4 x^3 + \log_e x^{-5})$ को हल करो

$$\frac{d}{dx} (4x^3 + \log_e x^{-5}) = 12x^2 + (-5) \frac{d}{dx} \text{lox } x$$

$$= 12x^2 - 5\ \frac{1}{x}$$

## प्रश्नावली 3

**नीचे लिखे हुए फलनों का अवकल गुणांक निकालो:—**

1. $x^3, x^{\frac{2}{3}}, x^{\frac{1}{2}}$
2. $\sqrt{x}, \sqrt{x^3}, \sqrt{x^{\frac{3}{5}}}$
3. $a^5, 2x^2, \frac{6}{x^7}, 4\frac{1}{x^4}$
4. $x^3+2,\ x+\frac{1}{x},\ 5x^2+\frac{7}{x}$
5. $e^x+7x,\ 3e^x+x^{10}$
6. $\log x^{10},\ 5\log x,\ a\log x^{10}$
7. $3e^x+6\log x^{\frac{1}{8}}+8x^3$
8. $\left(\sqrt{x}+\frac{1}{\sqrt{x}}\right)^2$
9. $ax^2+bx+e+10\log x^{10}+5_e{}^x$
10. $\cdot 1+x+\frac{1}{\underline{|2}}x^2+\frac{1}{\underline{|3}}x^3+\ldots.$
11. $6\log x-\sqrt{x}-7$
12. $\left(\sqrt{x}+\frac{1}{\sqrt{x}}\right)\left(x-\frac{1}{x}\right)$
13. $\left(4x^{\frac{1}{3}}+e^x\right)\left(4x^{\frac{1}{3}}-e^x\right)$
14. $x^n+n\log_a{}^x$

### 2.11 Sin x का अवकल गुणांक

माना कि $f(x) = \sin x$

तो $f(x+h) = \sin(x+h)$

$$\frac{d}{dx} f(x) = \frac{d}{dx} \sin x = \lim_{hyo} \frac{\sin(x+h) - \sin x}{h}$$

$$= \lim_{h \to o} \frac{2 \cos\left(x + \frac{h}{2}\right) \sin \frac{h}{2}}{h}$$

$$= \lim_{h \to o} \cos\left(x + \frac{h}{2}\right) \times \lim_{h \to o} \frac{\sin \frac{h}{2}}{\frac{h}{2}}$$

$$= \cos x$$

क्योंकि

$$\lim_{h \to o} \cos\left(x + \frac{h}{2}\right) = \cos x$$

और $\lim_{h \to o} \frac{\sin \frac{h}{2}}{\frac{h}{2}} = 1.$ हैं।

## 2.12 Cos x का अवकल गुणांक

माना कि $f(x) = \cos x$

और $f(x+h) = \cos(x+h)$

$$\frac{d}{dx} \cos x = \lim_{h \to o} \frac{\cos(x+h) - \cos x}{h}$$

$$= \lim_{h \to o} \frac{-2 \sin\left(x + \frac{h}{2}\right) \sin \frac{h}{2}}{h}$$

$$= -\lim_{h \to o} \sin\left(x + \frac{h}{2}\right) \frac{\sin \frac{h}{2}}{\frac{h}{2}}$$

$$= -\sin x$$

क्योंकि $\lim_{h \to o} \sin\left(x + \frac{h}{2}\right) = \sin x$

और $\lin_{h \to o} \frac{\sin \frac{h}{2}}{\frac{h}{2}} = 1$ है।

अत: $\frac{d}{dx}\cos x = -\sin x$

## 2.13 उदाहरणमाला 4

1. $\frac{d}{dx}(x+3\sin x)$ का मान निकालो

$$\frac{d}{dx}(x+3\sin x)=\frac{d}{dx}(x)+3\frac{d}{dx}(\sin x)$$
$$=1+3\cos x.$$

2. $a\,x^n+b\,e^x+e\sin x$ को x के सापेक्ष में अवकलन करो

$$\frac{d}{dx}(a\,x^n+b\,e^x+c\sin x)$$
$$=a\frac{d\,x^n}{dx}+b\frac{d}{dx}e^x+c\frac{d}{dx}\sin x$$
$$=n\,a\,x^{n-1}+b\,e^x+c\cos x$$

3. $\frac{d}{dx}\left(m\sin x-n\cos x-2\log x^{-\frac{1}{2}}\right)$ को हल करो

$$\frac{d}{dx}\left(m\sin x-n\cos x-2\log x^{-\frac{1}{2}}\right)$$
$$=m\cos x+n\sin x+\frac{1}{x}$$

## प्रश्नावली 4

1. $4\,x^3+3\sin x$
2. $(a\,x)^m+b^m+5\cos x$
3. $\cos x+\log x^{10}+e^x$
4. $a\sin x+b\log x$
5. $\sqrt{2}\sin x+x^{10}$
6. $a\,x^{15}+15\,e^x$

# अध्याय: 3

## अवकलन की रीतियाँ
## (Methods of Differentiation)

### 3.1 दो फलनों के गुणनफल (Product) का अवकलगुणांक:—

माना कि

$$f(x)=f_1(x)\cdot f_2(x)$$

इसलिए $f(x+h)=f_1(x+h)\cdot f_2(x+h)$

अब अवकल गुणांक की परिभाषा से

$$\frac{d\,f(x)}{dx}=\frac{d}{dx}\{f_1(x)\cdot f_2(x)\}$$

$$=\lim_{h\to o}\frac{f_1(x+h)\cdot f_2(x+h)-f_1(x)\,f_2(x)}{h}$$

अंश में $f_1(x+h)\,f_2(x)$ को घटाने और जोड़ने पर हमें प्राप्त होता है

$$=\lim_{h\to o}\frac{f_1(x+h)f_2(x+h)-f_1(x+h)\cdot f_2(x)+f_1(x+h)f_2(x)-f_1(x)f_2(x)}{h}$$

$$=\lim_{h\to o}\frac{f_1(x+h)\{f_2(x+h)-f_2(x)\}+f_2(x)\{f_1(x+h)-f_1(x)\}}{h}$$

$$=\lim_{h\to o}\left[f_1(x+h)\frac{f_2(x+h)-f_2(x)}{h}+f_2(x)\frac{f_1(x+h)-f_1(x)}{h}\right]$$

जब $h\to o$, तो $f_1(x+h)=f_1(x)$ होगा।

$$\lim_{h\to o}\frac{f_2(x+h)-f_2(x)}{h}=\frac{df_2(x)}{dx}$$

और $\displaystyle\lim_{h\to o}\frac{f_1(x+h)-f_1(x)}{h}=\frac{df_1(x)}{dx}$,

अवकल-गुणांक की परिभाषा से।

इसलिए

$$\frac{d}{dx}\{ f_2 (x)\cdot f_1 (x)\}=f_1 (x) \frac{df_2(x)}{dx} +f_2(x) \frac{df_1(x)}{dx}$$

**अतः, दो फलनों के गुणनफल का अवकल गुणांक = प्रथम फलन × द्वितीय फलन का अवकल गुणांक + द्वितीय फलन × प्रथम फलन का अवकल गुणांक ।**

## 3.2 उदाहरणमाला 5

1. $\frac{d}{dx}(x^5 . \sin x)$ को हल करो ।

इसमें $x^5$ पहले और उसके बाद $\sin x$ लिखा है, इसलिए $x^5$ को पहला और $\sin x$ को दूसरा फलन लेते हैं । यह बिल्कुल आवश्यक नहीं है कि पहले लिखे हुए फलन को ही पहला फलन मानना चाहिए, यदि हमें सुविधा है तो बाद में लिखे फलन को भी पहला फलन और पहले लिखा हुआ फलन को दूसरा फलन मान लेते हैं । इसलिए

$$\frac{d}{dx}(x^5 \sin x) = x^5\frac{d}{dx}\sin x+\sin x \frac{d}{dx}x^5$$

$$= x^5 \cos x + \sin x\, 5x^4$$

$$= x^5 \cos x + 5x^4 \sin x.$$

2. $(2x^2 + ax + b) ( \log x + \sin x )$ का अवकलगुणांक निकालो ।

$$\frac{d}{dx}(2x^2 + ax + b) ( \log x + \sin x )$$

$$= (2x^2+ax+b) \frac{d}{dx}(\log x+\sin x)+(\log x+\sin x)\frac{d}{dx}(2x^2+ax+b)$$

$$= (2x^2+ax+b) \left[\frac{d}{dx}\log x + \frac{d}{dx}\sin x\right] +(\log x+ \sin x) \left[\frac{d2x^2}{ax} + \frac{d(ax)}{dx} + \frac{d(b)}{dx}\right]$$

$$= (2x^2+ax+b) \left[\frac{1}{x} + \cos x\right] + (\log x+\sin x)(4x+a).$$

## प्रश्नावली 5

### निम्नलिखित फलनों के अवकल गुणांक निकालो ।

1. $e^x . \sin x$
2. $\cos x \log x$
3. $e^x . \log_a x$
4. $e^x . \cos x$
5. $8\sqrt{x} . \log x$
6. $x^3 . \log_e x$
7. $e^x . \sqrt{x}$
8. $\log x . \log_a x$
9. $2x^3 e^x + 3\sqrt{x} . \log_e x$
10. $\log_a x + \log_e x^a .$
11. $\log x^{x10}$
12. $(x^3+x^4)(\cos x + e^x)$
13. $x . \sin x . \log x$
14. $\sin 2x$
15. यदि $y = (x-5)(x-3)$ हो, तो सिद्ध करो कि वक्र (curve) पर बिन्दु $x=4$ पर $\frac{dy}{dx} = 0$ है।

### 3.3. दो फलनों के भागफल (Quotient) का अवकल गुणांक:–

माना कि $f(x) = \dfrac{f_1(x)}{f_2(x)}$

इसलिए $f(x+h) = \dfrac{f_1(x+h,)}{f_2(x+h)}$

अवकल गुणांक की परिभाषा से

$$\frac{d}{dx}\left\{\frac{f_1(x)}{f_2(x)}\right\} = \lim_{h\to 0} \frac{\dfrac{f_1(x+h)}{f_2(x+h)} - \dfrac{f_1(x)}{f_2(x)}}{h}$$

$$= \lim_{h\to o} \frac{f_1(x+h).f_2(x) - f_1(x).f_2(x+h)}{h\, f_2(x+h).\, f_2(x)}$$

अंश में $f_1(x) \cdot f_2(x)$ को घटाने और जोड़ने पर हमें प्राप्त होता है,

$$= \lim_{h\to o} \frac{f_1(x+h)f_2(x) - f_1(x)f_2(x) + f_1(x)f_2(x) - f_1(x)f_2(x+h)}{h\, f_2(x+h) .\, f_2(x)}$$

$$= \lim_{h\to o} \frac{f_2(x)[f_1(x+h) - f_1(x)] - f_1(x)[f_2(x+h) - f_2(x)]}{h\, f_2(x+h)\, f_2(x)}$$

$$=\lim_{h\to o}\frac{f_2(x)\ \dfrac{f_1(x+h)-f_1(x)}{h}-f_1(x)\ \dfrac{f_2(x+h)-f_2(x)}{h}}{f_2(x+h)\ f_2(x)}$$

$$=\frac{f_2(x)\ \lim\limits_{h\to o}\dfrac{f_1(x+h)-f_1(x)}{h}-f_1(x)\ \dfrac{f_2(x+h)-f_2(x)}{h}}{f_2\ (x+h)\ f_2(x)}$$

अवकल गुणांक की परिभाषा से

$$\lim_{h\to o}\ \frac{f_1(x+h)-f_1(x)}{h}=\frac{d}{dx}\ f_1(x)$$

और

$$\lim_{h\to o}\ \frac{f_2(x+h)-f_2(x)}{h}=\frac{d}{dx}\ f_2(x)$$

इसलिए

$$\frac{d}{dx}\left\{\frac{f_1(x)}{f_2(x)}\right\}=\frac{f_2(x)\ \dfrac{d}{dx}f_1(x)-f_1(x)\ \dfrac{d}{dx}\ f_2(x)}{[f_2\ (x)]^2}$$

इस तरह दो फलनों के भागफल का अवकल गुणांक

$$=\frac{[\text{हर}\times\text{अंश का अवकल गुणांक}-\text{अंश}\times\text{हर का अवकल गुणांक}]}{\text{हर का वर्ग}}$$

## 3.4 उदाहरणमाला 6

1. $\dfrac{x^2}{e^x+x^2}$ का अवकल गुणांक निकालो ।

$$\frac{d}{dx}\left\{\frac{x^2}{e^x+x^2}\right\}=\frac{(e^x+x^2)\ \dfrac{d}{dx}(x^2)-x^2\ \dfrac{d}{dx}\ (e^x+x^2)}{(e^x+x^2)^2}$$

$$=\frac{(e^x+x^2).\ 2x-x^2\ (e^x+2x)}{(e^x+x^2)}$$

$$=\frac{2xe^x+2x^3-x^2e^x-2x^3}{(e^x+x^2)^2}$$

$$=\frac{xe^x\ [2-x]}{(e^x+x^2)^2}$$

$\dfrac{d}{dx}\left(\dfrac{\sin x}{1+\cos x}\right)$ को हल करो

$$\frac{d}{dx}\left(\frac{\sin x}{1+\cos x}\right)$$

$$=\frac{(1+\cos x)\frac{d}{xp}(\sin x)-\sin x\frac{d}{dx}(1+\cos x)}{(1+\cos x)^2}$$

$$=\frac{(1+\cos x)\cos x-\sin x(-\sin x)}{(1+\cos x)^2}$$

$$=\frac{\cos x+\cos^2 x+\sin^2 x}{(1+\cos x)^2}$$

$$=\frac{(1+\cos x)}{(1+\cos x)^2}=\frac{1}{1+\cos x}$$

$$=\frac{1}{2\sin^2\frac{x}{2}}=\tfrac{1}{2}\operatorname{cosec}^2\frac{x}{2}.$$

## प्रश्नावली 6

अवकल गुणांक निकालो

1. $\dfrac{\text{Cos } x}{\log x}$

2. $\dfrac{a x^2+b}{\sin x+\cos x}$

3. $\dfrac{x^n}{\log x}$

4. $\dfrac{5x^2+6x+7}{2x^2+3x+4}$

5. $\dfrac{e^x}{x}$

6. $\dfrac{e^x+\sin x}{1+\log x}$

7. $\dfrac{x^2-1}{\log x}$

8. $\dfrac{e^x(x-1)}{x+1}$

9. $\dfrac{e^x+\cos x}{\log x-x^n}$

10. $\dfrac{\sin x-x\cos x}{x\sin x+\cos x}$ [विक्रम वि. वि. १९६२]

11. $\dfrac{1-\cos x}{1+\cos x}$ [उ. प्रदेश १९६४]

12. $\dfrac{\sqrt{a}+\sqrt{x}}{\sqrt{a}-\sqrt{x}}$ [राजस्थान १९५३]

13. $\dfrac{1}{\sin x}$

14. $\dfrac{x^2}{\sec x}$

15. $\dfrac{x^3\sin x}{e^x}$, $\dfrac{\sin^2 x}{\cos x}$, $\dfrac{x^3}{e^x\sin x}$

### 3.5 tan x का अवकल गुणांक

$$\frac{d}{dx}(\tan x)=\frac{d}{dx}\left(\frac{\sin x}{\cos x}\right)$$

$$=\frac{\cos x\frac{d}{dx}\sin x-\sin x\frac{d}{dx}\cos x}{(\cos x)^2}$$

$$=\frac{\cos x.\ \cos x-\sin x\,(-\sin x)}{(\cos x)^2}$$

$$=\frac{\cos^2 x+\sin^2 x}{(\cos x)^2}$$

$$=\frac{1}{(\cos x)^2}$$

$$=\sec^2 x$$

इसलिए,

$$\frac{d\tan x}{d\,x}=\sec^2 x \text{ है ।}$$

### 3.6 cot x का अवकल गुणांक

$$\frac{d}{d\,x}\cot x=\frac{d}{d\,x}\left(\frac{\cos x}{\sin x}\right)$$

$$=\frac{\sin x\frac{d}{d\,x}\cos x-\cos x\frac{d}{d\,x}(\sin x)}{(\sin x)^2}$$

$$=\frac{-\sin^2 x-\cos^2 x}{\sin^2 x}$$

$$=\frac{-1}{\sin^2 x}$$

$$=-\operatorname{cosec}^2 x$$

अत:

$$\frac{d}{d\,x}\cot x=-\operatorname{cosec}^2 x \text{ है ।}$$

### 3.7 sec x का अवकल गुणांक

$$\frac{d}{dx}(\sec x)=\frac{d}{dx}\left(\frac{1}{\cos x}\right)$$

$$= \frac{\cos x \frac{d}{dx}(1) - 1.\frac{d}{dx}(\cos x)}{(\cos x)^2}$$

$$= \frac{\cos x \times o + \sin x. 1}{(\cos x)^2}$$

$$= \frac{\sin x}{(\cos x)^2}$$

$$= \tan x. \sec x$$

इसलिए

$$\frac{d}{dx}(\sec x) = \tan x. \sec x. \text{ है ।}$$

### 3.8 cosec x का अवकल गुणांक

$$\frac{d}{dx} \operatorname{cosec} x = \frac{d}{dx}\left(\frac{1}{\sin x}\right)$$

$$= \frac{\text{sen } x. \frac{d}{dx}(1) - 1. \frac{d}{dx}(\sin x)}{(\sin x)^2}$$

$$= \frac{-\cos x}{\sin^2 x}$$

$$= -\cot x. \operatorname{cosec} x$$

इसलिए

$$\frac{d}{dx}(\operatorname{cosec} x) = -\cot x. \operatorname{cosec} x. \text{ है ।}$$

## प्रश्नावली 7

नीचे लिखे हुए फलनों का अवकल गुणांक निकालो ।

1. $\frac{3+\tan x}{5x+7}$

2. $\frac{x^x}{\log_a x}$

3. $\frac{\sqrt{ax}+\sqrt{x}}{\sqrt{a}-\sqrt{x}}$

4. $\frac{e^x+\tan x. x^2}{\cot x - x^n}$

5. $\frac{\tan x+\cot x}{\log x}$

6. $\frac{e^x+\tan x}{\cot x - x^n}$ [विक्रम १९६१]
[राजस्थान १९६१]

7. सिद्ध करो कि

$$\frac{dy}{dx}=\frac{2}{1-\sin 2x}$$

यदि
$$y=\frac{1+\tan x}{1-\tan x}$$

निम्न को अवकलित करो ।

8. cesec x — 7 $x^2$ , sec x—log x. sin x

9. cosec x. log x , sec x. $e^x$

10. sin x. $\log_a x$. $e^x$

## 3.9 फलनों के फलन का अवकलन
## (Differentiation of function of function)

फलन के फलनों का अवकलन निकालने से पहले हम "फलनों के फलन" की परिभाषा का अध्ययन करेंगे ।

### परिभाषा

कभी कभी y, स्वतंत्र चर x का सीधा फलन न होकर, एक दूसरा चर v का फलन होता है । इस तरह से y, v का फलन है और v, x का फलन है इसलिए y, x का फलन, v के द्वारा है । इस तरह y, फलन का फलन कहलाता है ।

उदाहरण के लिए, यदि फलन log sin x पर विचार करें तो यह साफ मालूम है कि log sin x, फलन sin x, पर निर्भर करता है, और स्वयम् sin x, चर x पर निर्भर करता है । इसलिए, फलन log sin x, sin x का फलन है और sin x, x का फलन है । अतः log sin x, फलन का फलन है ।

माना कि

$$y=f(x)=f_1\{f_2(x)\}$$

इसलिए $f(x+h)=f_2\{f_2(x+h)\}$

यदि $f_2(x)=t$, और $f_2(x+h)=t+k$

अर्थात् जैसे ही $h\to o$, को उपगमन करता है $f_2(x+h)\to f_3(x)$ उपगमन होता है । और जैसे ही $h\to o$

त्योंही $k\to o$

इसलिए

$$\frac{d}{dx}f(x)=\frac{d\{f_1\{f_2(x)\}\}}{dx}$$

$$=\lim_{h\to o}\frac{f_1\{f_2(x+h)\}-f_1\{f_2(x)\}}{h}$$

$$= \lim_{h \to o} \frac{f_1(t+k)-f_1(t)}{h} \cdot \frac{k}{k}$$

$$= \lim_{\substack{h \to o \\ k \to o}} \frac{f_1(t+k)-f_1(t)}{k} \cdot \frac{f_2(x+h)-f_2(x)}{h}$$

क्योंकि $k=f_2(x+h)-f_2(x)$.

$$= \frac{d f_1(t)}{dt} \cdot \frac{dt}{dx}$$

$$\frac{df(x)}{dx} = \frac{d f_1(t)}{dt} \cdot \frac{dt}{dx}$$

$$\frac{d[f_1\{f_2(n)\}]}{dx} = \frac{df_1(t)}{dt} \cdot \frac{dt}{dx}$$

फलनों के फलन का अवकल गुणांक निकालने को इस नियम का विस्तार हो सकता है। यदि y, u का फलन, है; u, v का फलन है; v, x का फलन है, तो

$$\frac{dy}{dx} = \frac{dy}{du} \cdot \frac{du}{dv} \cdot \frac{dv}{dx}$$

## 3.10. $a^x$ का अवकल गुणांक

माना कि

$f(x) = a^x$

$= e^{x \log a}$

मान $x, \log a = t$

$f(x) = e^t$

इसलिए

$$\frac{df(x)}{dx} = \frac{de^t}{dt} \cdot \frac{dt}{dx}$$

$$= e^t \cdot \frac{d((\log a.\, x)}{dx}$$

$$= \log a \,.\, e^t$$

$$= \log a \,.\, e^{x \log a}$$

$$= \log a.\, a^x.$$

अतः

$$\frac{d}{dx} a^x = \log_e a.\, a^x.$$

## 3.11. उदाहरणमाला 7

1. $(ax+b)^2$ का अवकल गुणांक निकालो

मान $ax+b=t$

$$\frac{d}{dx}(ax+b)^2=\frac{dt^2}{dx}$$

$$=\frac{dt^2}{dt}\times\frac{dt}{dx}$$

$$=\frac{dt^2}{dt}\times\frac{d(ax+b)}{dx}$$

$$=2t\,.\,a$$

$$=2a(ax+b).$$

2. $e^{\sqrt{\cos x}}$ को x के सापेक्ष में अवकलन करो।

माना कि $\sqrt{\cos x}=t$ रखो

और $\cos x = u$ रखो

$$\frac{d}{dx}e^{\sqrt{\cos x}}=\frac{de^t}{dx}$$

$$=\frac{de^t}{dt}\cdot\frac{dt}{dx}$$

$$=\frac{de^t}{dt}\cdot\frac{d(\cos x)^{\frac{1}{2}}}{dx}$$

$$=\frac{de^t}{dt}\times\frac{du^{\frac{1}{2}}}{du}\cdot\frac{du}{dx}$$

$$=\frac{de^t}{dt}\times\frac{du^{\frac{1}{2}}}{du}\cdot\frac{d\cos x}{dx}$$

$$=e^t\,.\,\tfrac{1}{2}u^{-\frac{1}{2}}(-\sin x)$$

$$=-\tfrac{1}{2}\sin x(\cos x)^{-\frac{1}{2}}\,.\,e^{\sqrt{\cos x}}$$

3. $\frac{d}{dx}\log(\sin x)^{\cos x}$ का मान निकालो।

$$\frac{d}{dx}\log(\sin x)^{\cos x}=\frac{d}{dx}\{\cos x\,.\,\log(\sin x)\}$$

$$= \cos x \ . \ \frac{d}{dx} (\log \sin x) + \log (\sin x) \frac{d}{dx} \cos s$$

$$= \cos x \ . \ \frac{\cos x}{\sin x} + \log (\sin x) \ (-\sin x)$$

$$= \cot x \ . \ \cos x - \sin x . \log (\sin x)$$

टिप्पणी:— कुछ फलनों के फलन का अवकल गुणांक निकालने के वाद यह प्रतिस्थापन करने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। विद्यार्थी यह समझ सकता है कि फलनों के फलन का अवकल गुणांक विना प्रतिस्थापन के कैसे निकाला जाता है। प्रतिस्थापन के किया हुआ प्रश्न ऊपर उदाहरणमाला ७ के तीसरे प्रश्न में समझाया गया है।

## प्रश्नावली 8

**अवकल गुणांक निकालो:**

1. $\sin x^n$, $\tan x^n$, $\log x^n$, $e^{x^n}$, $a^{x^n}$.
2. $(e^x)^3$, $\tan^3 x$, $(a^x)^3$, $(\log x)^7$, $(\sin x)^3$
3. $\tan 7x$, $\log 5 x$, $\log ax$, $e^{7x}$, $a^{7x}$.
4. $\log (ax+b)$, $\sin (cx+d)$, $e^{3x+2}$, $e^{6x+\sin x}$
5. $\log \log x$, $\log \sin x$, $\log_e (e^x)$, $\log x^5$.
6. $\sqrt{\sin x}$, $\sqrt{a^x}$, $\sqrt{\cot x}$, $(\operatorname{cosec} x)^{3/2}$, $(\log x)^{3/2}$
7. $\frac{1}{\tan x}$, $\frac{1}{\log x}$, $\frac{1}{x^n+a^n}$, $\frac{1}{\sqrt{x+a}}$, $\frac{1}{a^x}$
8. $e^{-x^n}$, $(\sec x)^{-1}$, $(\sin x)^{-5}$, $(\log_a x)^{-2}$
9. (i) $e^{\sqrt{\sin x}}$ विक्रम 1945.
   (ii) $e^{\sqrt{\cot x}}$ विक्रम 1961
10. (i) $\log_e \{\sqrt{x-a}+\sqrt{x-b}\}$ [ उ. प्रदेश 1961 ]
    (ii) $\log_e (\sec x + \tan x)$ [ उ. प्रदेश 1961 ]
    [ विकम 1961 ]
11. (i) $\log_e \{ \sqrt{x-1} + \sqrt{x+1} \}$ [ उ. प्रदेश 1965 ]

(ii) $\log_e [x + \sqrt{x^2 + a^2})$ [राजस्थान 1957]

12. $\log \sqrt{\dfrac{1 + \sin x}{1 - \sin x}}$ [राजस्थान 1965]

13. $\dfrac{1 - x^2}{\sqrt{1 + x^2}}$ [विक्रम 1965]

14. (i) $e^{ax} \cdot \cos bx$ (ii) $\cos \sqrt{x} \cdot \log \sin x$

(iii) $\cos x^4 . \cos x^4$ (iv) $e^{\sin x} . \sin e^x$.

(v) $(x+a)^m . (x+b)^n$ (vi) $(x+a)^p (x^m+b)^q$

15. $\dfrac{\cot x^3}{ax+b}$, $\dfrac{e^x + e^{-x}}{e^x - e^{-x}}$, [राजस्थान 1954, 59]

$\dfrac{\log \cos x}{\tan (\log x)}$, $\dfrac{e^{\sin x}}{\sin x^n}$, $\dfrac{\tan x^3}{ax^2+b}$

16. $\dfrac{e^{\sin x} \sec x}{\sin x^n}$, $\dfrac{\sqrt{\sin x}}{\sin \sqrt{x}}$

17. $\log (\sin x)^{\cos x}$, $\log_e (e^x)^{\tan x}$, $\log (ax+b)^{\cot x}$

18. $4 \sin x^2 + \log (5 \sin x + 6)$

19. $\dfrac{x \sin x}{1 + \cos^2 x}$, 20. $\log_e \left( x + \dfrac{1}{x} \right)$ [विक्रम 1961]

